एयरबस का तीन भारतीय स्टार्ट-अप कंपनियों के साथ समझौता

drishtiias.com/hindi/printpdf/airbus-inks-pacts-with-three-indian-start-ups

चर्चा में क्यों?

हाल ही में फ्राँसीसी विमान निर्माता कंपनी एयरबस के कार्यक्रम 'टेक ऑफ 2018' (Take Off 2018) के हिस्से के रूप में एयरबस कग सहायक कंपनियों नैवब्लू और एरियल ने तीन भारतीय स्टार्ट-अप कंपनियों के साथ एक समझौता किया है।

प्रमुख

- यह समझौता विमानन डेटा सेवाओं, उड़ान संचालन और इमेजरी सेवाओं के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क स्थापित करने में मदद करेगा।
- इस कार्यक्रम को एयरबस बिज़लैब इंडिया द्वारा गति प्रदान की गई है।
- इससे पहले एयरबस ने फरवरी 2018 में बंगलूरु स्थित स्टार्ट-अप Neewee और EFLIGHT के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये थे।
- यह एक्सेलरेशन कार्यक्रम का तीसरा चरण है जो मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया पहलों के साथ संरेखित है।
- नैवब्लू ने डेटा सेवाओं की गुणवत्ता एवं निरंतरता बढ़ाने के लिये बंगलूरु की स्टार्ट-अप कंपनी स्टेला टेक्नोलॉजीज के साथ एक समझौता किया है।
- नैवब्लू ने एक अन्य कंपनी ईफ्लाइट (EFLIGHT) के साथ भी समझौता किया है जो भारतीय विमानन बाज़ार में व्यापक सेवा समाधान उपलब्ध कराने में सहायक होगी।
- एयरबस एरियल ने नवी मुंबई स्थित स्टार्ट-अप एयरपिक्स के साथ भी एक समझौता किया है। एयरपिक्स भू-विश्लेषण समाधान एवं इमेजरी सेवाओं के क्षेत्र में काम करती है।
- ये तीनों कंपनियाँ एयरबस बिज़लैब के स्टार्ट-अप एक्सेलरेशन कार्यक्रम का हिस्सा रही थीं।

एयरबस

- एयरबस यूरोपीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी EADS की एक वायुयान निर्माता सहायक कंपनी है।
- ब्लैगनैक, फ्राँस में टचुलाउज़ के पास स्थित और पूरे यूरोप में महत्त्वपूर्ण गतिविधियों वाली यह कंपनी समस्त विश्व के जेट विमानों की कुल संख्या के लगभग आधे का उत्पादन करती है।